प्राक्कथन

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एन.ए.एस.) का **यह** अंक वर्ष 1993-94, 1998-99 से 2002-03 की अवधि के राष्ट्रीय/देशीय उत्पाद, राष्ट्र का समेकित लेखा, निजी अन्तिम उपभोग व्यय, बचत, पूंजी निर्माण और सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहार के अनुमान को प्रस्तुत करता है । यथासभंव वर्ष 2003-04 के त्वरित अनुमानों को भी सुसंगत विवरणियों में प्रस्तुत किया गया है । राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी में दशाई गई अर्थव्यवस्था की समीक्षा संबंधी एक संक्षिप्त विश्लेषणात्मक प्रलेख भी इस प्रकाशन में शामिल किया गया है ।

2. स्थिर मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के व्यय घटकों को उपलब्ध कराने के लिए प्रकाशन के विवरण-1 में स्थिर (1993-94) मूल्यों पर आयात, निर्यात, और निजी अन्तिम उपभोग व्यय के अनुमान प्रस्तुत किए गए हैं । वर्ष 2005-06 के दौरान राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी प्रकाशनों का अग्रिम प्रकाशन कैलेंडर दर्शाने वाला एक विवरण " सिंहावलोकन " के अन्त में दिया गया है । इस अंक में प्रस्तुत की गयी विशेष विवरणियां **हैं:**

- (i) मूल्यह्रास, जैसा कि लेखा बहियों में दिया गया है ;
- (ii) वर्ष 1950-51 से 2003-04 तक महत्वपूर्ण समष्टि-आर्थिक समाहारों और जनसंख्या के तुलनीय आकड़े ;
- (iii) 1993-94 से 2003-04 तक की अवधि के लिए पशुधन क्षेत्र से घरेलू उत्पाद ;
- (iv) वर्ष 2004-05 के लिए 7 फरवरी, 2005 को जारी किए गये प्रचलित और स्थिर (1993-94) मूल्यों पर राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमान तथा वर्ष 2000-01 से 2004-05 के लिए प्रचलित और स्थिर (1993-94) मूल्यों पर जीडीपी के तिमाही अनुमान ।

यह प्रकाशन इस मन्त्रालय की वेबसाइट www.mospi.nic.in **पर भी उपलब्ध है।**

3. राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के समेकन हेतु अपेक्षित आंकड़े उपलब्ध कराने में सहयोग के लिए केन्द्रीय मंत्राल**यों तथा विभागों**, विभागीय तथा गैर-विभागीय वाणिज्यिक संस्थान, भारतीय रिजर्व बैंक तथा सभी राज्य/संघ शासित सरकारों के अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय धन्यवाद के पात्र हैं । हम इस प्रकाशन में विभिन्न राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी की विषय-वस्तु तथा/अथवा प्रस्तुति में सुधार के लिए प्रयोक्ताओं के सुझावों का स्वागत करेंगे ।

4. मै, राष्ट्रीय लेखा प्रभाग, केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के अधिकारियों की सराहना करना चाहूंगा जिन्होंने इस प्रकाशन को समय पर पूरा करने तथा राष्ट्रीय लेखों के समेकन हेतु अथक प्रयास किए हैं ।

नई दिल्ली
 मई, 2005

(पी. एस. राणा)
 भारत सरकार के सचिव